# INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

अपठित गद्यांश

Name: ___________________ Date:____________ Class: IV Sec: ___

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए -**

एक टोपीवाला था। वह घूम-घूमकर टोपियाँ बेचता था। एक दिन वह टोपियाँ बेचने निकला। घूमते –घूमते उसे दोपहर हो गई। थककर वह एक पेड़ के नीचे लेट गया। टोपियों की पोटली उसने पास ही रख ली। थोड़ी देर में उसे नींद आ गई। उस पेड़ पर कुछ बंदर रहते थे। वे उसकी सारी टोपियाँ उठाकर ले गए। टोपियाँ उन्होंने अपने सिरों में पहन लीं। थोड़ी देर में टोपीवाले की नींद खुली। उसने देखा, उसकी सारी टोपियाँ गायब थीं। तभी उसकी नज़र ऊपर गई। उसने देखा बंदरों ने उसकी टोपियाँ पहन रखी हैं। उसने सुन रखा था कि जो भी करो, बंदर उसकी नकल करते हैं। उसने अपने सिर की टोपी बंदरों को दिखाते हुए फेंक दी। पर किसी बंदर ने अपनी टोपी नहीं फेंकी। वह बड़ा हैरान हुआ। तभी एक बंदर उतरा और वह टोपी भी उठाकर ले गया। टोपीवाला हैरान होकर देखता रह गया।

1. टोपीवाले ने अपने पास क्या रख ली ?

   (क) खाना (ख) टोपियों की पोटली

   (ग) फल (घ) पैसे

2. थककर टोपीवाला कहाँ लेट गया ?

(क) पेड़ के नीचे (ख) गाड़ी में

(ग) बेंच पर (घ) पार्क में

3. पेड़ पर कौन रहते थे ?

(क) तोता (ख) पड़ोसी

(ग) टोपीवाला (घ) बंदर

4. बंदरों ने क्या किया ?

(क) टोपी नहीं फैंकी (ख) टोपी फैंक दी

(ग) टोपी फाड़ने लगे (घ) टोपी पहन ली

5. अंत में एक बंदर ने क्या किया ?

(क) उतरकर पानी पीने लगा (ख) उतरकर पेड़ के नीचे सो गया

(ग) उतरकर टोपी फैंक दी (घ) उतरकर टोपी ले गया

..........................................................